दिनांकः 15.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- देशभर में 78वें स्वाधीनता दिवस का उल्लास–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले पर किया झंडा रोहण–राष्ट्र को किया संबोधित।
- प्रदेशभर में समारोह पूर्वक मनाई जा रही है आजादी की सालगिरह–राज्य स्तरीय समारोह जयपुर के एस.एम.एस. स्टेडियम में।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को किया संबोधित–कहा–सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- जयपुर सहित प्रदेश के पूर्वी जिलों में बारिश की गतिविधियां जारी–भारी वर्षा से राजधानी में जनजीवन प्रभावित।

000

राष्ट्र आज 78वां स्वाधीनता दिवस समारोहपूर्वक मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली में लाल किले की प्राचीर पर झंडा रोहण किया और राष्ट्र को संबोधित किया। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि देशवासियों ने जनसेवा का एक और मौका दिया है और हमारा संकल्प जन–जन की सेवा, हर परिवार की सेवा, हर क्षेत्र की सेवा करना है। श्री मोदी ने कहा कि देश के 140 करोड नागरिक कंधे से कंधा मिलाकर एक संकल्प लेकर चलें, तो हर चुनौती को पार कर देश को 2047 तक विकसित बना सकते हैं।

000

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से आह्वान किया कि विकसित भारत 2047 के लिए प्रतिबद्ध होकर एक जुटता के साथ काम करें।

000

78वें स्वाधीनता दिवस का विषय – 2047 तक विकसित भारत रखा गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यह विषय इस तथ्य को परिलक्षित करता है कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत रहेगी। स्वतंत्रता दिवस समारोह में सहभागिता के लिए छह हजार विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया। इनमें युवा, जनजातीय लोग, किसान, महिलाएं और अन्य विशिष्ट अतिथि शामिल रहे, जिन्होंने सरकार की योजनाओं और पहलों की मदद से विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किए हैं।

000

स्वाधीनता दिवस का राज्य स्तरीय मुख्य समारोह जयपुर के सवाईमानसिंह स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जहां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राष्ट्र ध्वज फहराया और परेड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाने हुए कहा कि प्रदेश को विकसित राज्य बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है।

000

इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट और सराहनीय सेवाएं देने वाली हस्तियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री ने राज्य की दो महिला पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित किया। इस अवसर पर नौ अधिकारियों को योग्यता प्रमाण पत्र दिये गये। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक आयोजनों की प्रस्तुतियों के साथ सेना, पुलिस और स्कूली बच्चों के बैंड ने देशभक्ति गीतों पर स्वर लहरियां बिखेर रहे हैं। रिमझिम बारिश के बीच चल रहे समारोह में बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन, प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी तथा आमजन मौजूद हैं।

000

आजादी की सालगिरह का जश्न प्रदेशभर में भी उल्लासपूर्वक मनाया रहा है। दौसा के पीजी कॉलेज मैंदान में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राष्ट्र ध्वज फहराया। जिलों में प्रभारी मंत्री और प्रशासनिक अधिकारी झंडारोहण कर रहे हैं। कोटा के महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, बीकानेर में खाद्य नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, उदयपुर में जनजातीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, जोधपुर में विधि और न्याय मंत्री जोगाराम पटेल, सीकर में नगर विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने राष्ट्र ध्वज फहराया। जिला मुख्यालयों पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आमजन उल्लास के साथ शामिल हो रहे हैं। कई जगहों पर सुबह से बारिश के बीच भी लोगों का राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य चरम पर देखा जा रहा है।

आमजन अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लहरा रहे हैं। कुछ जगहों पर आज भी तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। कोटा में जिला प्रशासन और नगर निगम के बीच, आजादी का मैत्री क्रिकेट मैच रखा गया है। विभिन्न संगठनों और शैक्षणिक संस्थाओं में भी उल्लास के साथ तिरंगा फहराया जा रहा है। राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने राजभवन में ध्वजारोहण किया। राज्यपाल ने राजभवन में युद्ध स्मारक के रूप में टैंक टी–55 का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सुबह अपने निवास पर ध्वजारोहण किया। बाद में उन्होंने बड़ी चौपड़ पर स्वाधीनता दिवस समारोह में हिस्सा लिया। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने पार्टी कार्यालय में राष्ट्र ध्वज फहराया।

कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने जयपुर की बड़ी चौपड पर पार्टी की ओर से रखे कार्यक्रम में तिरंगा फहराया। पार्टी मुख्यालय पर भी झंडा रोहण किया गया।

000

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने कहा है कि अपनी विविधताओं और बहुलताओं के साथ हम एक राष्ट्र के रूप में एकजुट होकर आगे बढ़ रहे हैं। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में श्रीमती मुर्मू ने देशवासियों को स्वाधीनता दिवस की बधाई देते हुए कहा कि सामाजिक न्याय सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राष्ट्रपति ने केन्द्र की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को गिनाने हुए कहा कि सरकार ने अनुसूचित जातियों और जनजातियों और समाज के निचले तबके के लोगों के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वाधीनता दिवस की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के एक सौ तीन कर्मियों के लिए वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इनमें चार कीर्ति चक्र हैं जिसमें से तीन मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। 18 शौर्य चक्र पुरस्कारों में से चार मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। पुरस्कारों में 63 सेना वीरता पदक हैं, जिनमें से दो मरणोपरांत दिए जा रहे हैं। 11 नौसेना वीरता पदक और छह वायु सेना वीरता पदक भी दिये जाएंगे।

000

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने राजस्थान एटीएस और एसओजी के अतिरिक्त महानिदेशक विजय कुमार सिंह को राष्ट्रपति पुलिस पदक के लिए चुना है। इसके अलावा प्रदेश से 14 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है।

000

राजधानी जयपुर सहित प्रदेश के पूर्वी जिलों में कल शाम एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हुआ। जयपुर शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में शाम को आई भारी बारिश से निचले इलाके और खेत खलिहान जलमग्न हो गए। शहर के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। जिले में रातभर रुक–रुक का वर्षा का दौर चलता रहा। स्थिति का जायजा लेने के लिए संभागीय आयुक्त और जिला कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। दौसा, बूंदी और सीकर सहित शेखावाटी क्षेत्रों में भी देर रात तक रिमझिम से मध्यम बरसात होती रही।

000